तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 शिक्षकों ने सीखे तनाव मुक्ति और सकारात्मक...





12 भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति जन आक्रोश...





## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन ईश्वरी बाई के पति प्यारेलाल डहरिया निवासी ग्राम गबौद तहसील पलारी की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### नपा में नेता प्रतिपक्ष बने अजय ठाकुर



**भाटापारा।** नगरपालिका परिषद भाटापारा के कांग्रेस पार्षद अजय ठाकुर को नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू ने जारी किया है। उक्त नियुक्ति पत्र नगरपालिका के मुख्यनगरपालिका अधिकारी को भेजा गया है, इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नगरपालिका के अध्यक्ष को उनकी नियुक्ति से अवगत कराया गया है।

### लूट के आरोप में हिस्ट्रीशीटर के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर चांदी की चेन लूट के आरोप में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। सुजल लदेर की शिकायत पर पुलिस ने आकाश नायक उर्फ जेडी तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। सुजल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी स्कूटी से चंगोराभाठा से शिवानंद नगर अपने घर जा रहा था। कुकुरबेड़ा गुरुद्वारा के पीछे आकाश तथा उसके दो अन्य साथी चाकू की नोक पर उसके साथ मारपीट कर लूट की थी।

### मंदिर के हिसाब की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक व्यक्ति ने तीन अन्य व्यक्ति तथा उनके साथियों के खिलाफ मंदिर के हिसाब किताब की बात को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द खल्लारी माता मंदिर के सचिव शंकर साहू ने जगदीश साहू, टीकम साहू, अशोक साहू एवं अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया है कि मंदिर समिति की बैठक के दौरान हिसाब किताब की बात को लेकर तीनों व्यक्ति तथा उसके अन्य साथियों ने मारपीट की।

### बस टर्मिनल से महिला यात्री का बैग चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ इंटर स्टेट बस टर्मिनल से बैग चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैग में महिला तथा उसके पति का पासपोर्ट होने के साथ आधार कार्ड तथा नकदी पांच हजार रुपए थे। गुजरात बड़ोदरा निवासी खैरून्निशा आमिन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह गुजरात, सूरत से हावड़ा जाने बस से परिवार के साथ निकली थी।

# ज्ञानभारतम सर्वे में सदगुरु कबीर आश्रम में मिली 326 वर्ष पुरानी पाण्डुलिपि

## शहीद वीर नारायण सिंह के फांसी के आदेश की पाण्डुलिपि भी प्राप्त हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में "ज्ञानभारतम" राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में व्यापक सर्वेक्षण कार्य संचालित है। इस दौरान के दौरान विकासखंड सिमगा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा स्थित सद्गुरुदेव कबीर आश्रम में सर्वेक्षण के दौरान सन 1700 ईस्वी की लगभग 326 वर्ष पुरानी हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त हुई है। जिनका डिजिटल संरक्षण "ज्ञानभारतम" एप के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही सोनाखान स्थित संग्रहालय में 10 दिसम्बर 1857 को अंग्रेजी सरकार द्वारा जारी शहीद वीर नारायण सिंह के फांसी के आदेश की पाण्डुलिपि भी प्राप्त हुई है। इस अभियान के अंतर्गत दामाखेड़ा में कुल 4 प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उनका डिजिटलीकरण सरपंच कमलेश साहू की उपस्थिति में पूर्ण किया गया। इन पांडुलिपियों में अनुरागसागर, अम्बूसागर, दीपकसागर एवं ज्ञान प्रकाश शामिल हैं। इन ग्रंथो को 9वें आचार्य प्रगट नाम साहब ने लिखा है।ये सभी दुर्लभ पांडुलिपियां देवनागरी लिपि में लिखी गई हैं, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने सरपंच की उपस्थिति में दयाशंकर कबीर पंथी का श्रीफल दे कर सम्मानित किया।





### हस्तलिखित धरोहरों के संरक्षण हेतु आगे आएं लोग

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि "ज्ञानभारतम" राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में व्यापक सर्वेक्षण कार्य संचालित है। इस अभियान अंतर्गत भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा एवं बौद्धिक विकास के साक्ष्य के रूप में प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताम्रपत्र, ताड़पत्र को भावी पीढ़ी के लिये संरक्षित व सुरक्षित किया जा रहा है। आपके पास कोई भी हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थ हो तो उसे सर्वे टीम को जानकारी दें। इस कार्य में ग्रन्थ का केवल फोटो लेकर अपलोड किया जाएगा, मूल प्रति आपके पास ही रहेगा। आप सभी इस राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी बने और सहयोग प्रदान करें।

## समस्या : 3 साल में ही दीवारों में आईं दरारें, ब्रिटिशकालीन इमारतें आज भी मजबूत

# अनियमितता की भेंट चढ़ रहे नए सरकारी भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में जहां एक ओर ब्रिटिशकालीन भवन आज भी अपनी मजबूत निर्माण गुणवत्ता के कारण सुरक्षित खड़े हैं। वहीं हाल के वर्षों में निर्मित शासकीय भवनों की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। इन दिनों नगर में विशेष रूप से नवीन तहसील कार्यालय भवन और जिला पंजीयक कार्यालय भवन चर्चा का विषय बने हुए हैं। महज तीन वर्षों के भीतर ही इन भवनों में जगह-जगह दरारें पड़ने और फ्लोरिंग उखड़ने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि दोनों भवनों का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। आम नागरिकों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि यह दरारें केवल दीवारों में नहीं, बल्कि निर्माण व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार ▶▶ शेष पेज 11 पर







### जिला पंजीयक कार्यालय भवन भी नहीं अछूता

इसी तरह, जिला पंजीयक कार्यालय भवन का लोकार्पण 15 मई 2023 को किया गया था। लगभग 86.14 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन में भी दर्जनों स्थानों पर दरारें आ चुकी हैं। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही भवन में दरारें दिखने लगी थीं। इस संबंध में मौखिक शिकायतें संबंधित अधिकारियों को दी गईं, लेकिन अब तक किसी प्रकार की मरम्मत या सुधार कार्य नहीं कराया गया है। यह कार्यालय भी जिले भर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचते हैं।

### तहसील कार्यालय भवन में व्यापक दरारें

बलौदा बाजार स्थित नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण 28 सितंबर 2023 को किया गया था। लगभग 58 लाख की लागत से बने इस भवन में तहसीलदार कक्ष, लिपिक कक्ष सहित अधिकांश कमरों की दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। जिला मुख्यालय का प्रमुख कार्यालय होने के कारण यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे भवन की स्थिति को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। विडंबना यह है कि ठीक सामने स्थित ब्रिटिशकालीन पुराना तहसील भवन आज भी मजबूती से खड़ा है, जो पुराने निर्माण की गुणवत्ता को दर्शाता है।

# औरेठी में मिला 100 किलो अमानक पनीर, फर्म सील



**बलौदाबाजार।** खाद्य पदार्थों के सघन जांच अभियान के पहले दिन सोमवार को संयुक्त जांच टीम ने एनॉलाग पनीर का निर्माण अमानक रूप से पाए जाने के कारण 100 किलोग्राम पनीर को नष्ट करवाया तथा फर्म को आगामी आदेश तक सील किया है।

- निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा ने अमृतमय फूड्स प्रालि पर की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार एसडीएम सिमगा के नेतृत्व में अमृतमय फूड्स प्रा. लि. ग्राम औरेठी तहसील सिमगा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्वस्थकर दशा में एनॉलाग पनीर का निर्माण किया जा रहा था, जिसके कारण एनॉलाग पनीर का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

## तालाबों को भरने छोड़ा गया पानी खेतों में व्यर्थ बह रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



गर्मी के दिनों में तालाब को भरने गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है। गंगरेल बांध से छोड़े गए पानी से आसपास के गांव के तालाबों को भरा जा चुका है और कई गांवों तालाबों को भरने के लिए ग्रामीण जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। वहीं नहर में लगे कुलपा खुला होने के चलते तालाबों की जगह खेतों में व्यर्थ पानी बह रहा है। मुंडा के आसपास बरदा ढनढनी जुड़ा पैजनी गांव तक नहर का पानी पहुंच गया है। कई तालाबों को नहर के पानी से भरा जा चुका है, किंतु नहर में लगे कुलपा खुला रहने के कारण खेतों में जा रहा है। विभाग व अन्य कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नहर में लगे कुलापा को बंद करके खेतों में पल रहे पानी को रोका जाना चाहिए, जिससे अंतिम छोर तक जल्द से जल्द पानी पहुंचाया जा सकता है।

इस संबंध में एसडीओ एलएन निराला ने कहा कि खेतों में पानी व्यर्थ बहने की जानकारी नहीं है। कई किसान कुलापा को जानबूझ खोल दे रहे हैं। फिर भी दिखवाता हूं।

# रामसागर तालाब गहरीकरण कार्य शुरू अध्यक्ष अशोक जैन ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र के सबसे बड़े एवं प्राचीन रामसागर तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ नगर पा लि का अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं कलेक्टर के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

- कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व कलेक्टर के प्रति जताया आभार



विदित हो कि नगर के लिए रामसागर तालाब न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि निस्तारी एवं धार्मिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। तालाब के गहरीकरण के लिए आवश्यक राशि की कमी को देखते हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से मांग की गई थी। कलेक्टर से चर्चा उपरांत तालाब के खनन एवं गहरीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसके बाद कार्य प्रारंभ कराया गया। अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि वर्तमान में तालाब सूखा हुआ है, जिससे गहरीकरण कार्य को सुगमता से पूरा किया जा सकेगा। कार्य पूर्ण होने ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन बिल पारित नहीं होने पर निंदा प्रस्ताव पारित

# जिपं सामान्य सभा में जनहित के मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल द्वारा पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत कर किया गया।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रेड़ा विभाग, खाद्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं जल संसाधन विभाग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कई विभागों के प्रमुख अधिकारियों के स्थान पर प्रतिनिधियों की उपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी बैठकों में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

अन्य विषयों पर चर्चा के दौरान जिला पंचायत के भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित महत्वपूर्ण संशोधनों के लोकसभा में पारित न हो पाने पर आक्रोश व्यक्त किया। इस संबंध में भाजपा सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज कराया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जायसवाल ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन मातृशक्ति को संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था, किंतु इसका विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थों को प्राथमिकता देते हुए महिलाओं के हितों की अनदेखी की है। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पनव साहू, ईशान वैष्णव, डॉ. मोहन लाल वर्मा, राजा जायसवाल, महेंद्र मोनू साहू, अमर कुमार ध्रुव, दामिनी कुंजाम, गायत्री बरिहा, रवि बंजारे, सुनीता देवांगन, शैलेन्द्र बंजारे, संतोष वैष्णव सहित जनपद पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी बैठक में शामिल हुए।

### जिपं की बैठक में जलसंकट पर चर्चा

भाटापारा। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल ने भीषण गर्मी से उत्पन्न जलसंकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भाटापारा शाखा नहर में तत्काल मरम्मत-सुधार कार्य, पानी छोड़ने की अवधि बढ़ाने एवं जलाभावग्रस्त ग्रामों में नवीन नलकूप खनन का प्रस्ताव रखा। जिला पंचायत अध्यक्षा आकांक्षा जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीईओ, उपाध्यक्ष पवन साहू एवं सभी सम्मानित सदस्यगण व अधिकारी उपस्थित रहे। संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जायसवाल ने कहा क्षेत्र की जनता को राहत दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

# न्याय के लिए 4 साल से भटक रहा 74 वर्षीय बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद से एक नया मामाला सामने आए है, जहां पर एक बुजुर्ग दंपति पति पत्नी जो तीन चार पीढ़ी से हथबंद में निवासरत हैं, जिन्होंने अपने जमीन मामला का निपटारा के लिए अवैध कब्जा किए गए लोगों के खिलाफ राजस्व विभाग से पटवारी, आरआई, तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, मंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को शिकायत पत्र के माध्यम से निष्पक्ष जांच कर स्वतंत्र जीवन यापन की याचना करते करते चार वर्ष बीत गए। 70 साल का बुजुर्ग रामजी पाठक 74 वर्ष के हो गए, किंतु उनके शिकायत की जांच अब तक अधूरा ही रही। न्याय के लिए भटकते रहा, पर सन्तुष्ट जनक किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं आ पाया। रामजी पाठक ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

- अब कलेक्टर कार्यालय के सामने अन्न-जल त्यागकर अनशन की चेतावनी





# पीएम आवास शहरी 2.0 एएचपी घटक के लिए सवा 13 हजार से अधिक मकानों की मंजूरी, केंद्र सरकार का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में पीए आवास योजना शहरी 2.0 एएचपी घटक के लिए 13 हजार 361 मकानों की मंजूरी मिली है। यह निर्णय भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की 6वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुक्रम में लिया गया है। इसके तहत रायपुर, बीरगांव, बिलासपुर, भिलाई, रिसाली और धमतरी नगर निगम क्षेत्र में मकान बनाए जाएंगे। ये मकान कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए और स्लम के पुनर्वास के लिए बनाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित निकायों को राशि जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के 'भागीदारी में किफायती आवास' (एएछपी) घटक के तहत विभिन्न परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है । इस आवंटन के तहत राजधानी रायपुर के नगर निगम को सबसे अधिक आवास का आवंटन किया गया है। इसके बाद के क्रम में बिलासपुर, भिलाई व अन्य निकायों को मंजूरी मिली है।

इस योजना के तहत रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कोटा, सरोना, लाभाण्डी, शंकरनगर, मठपुरैना और कचना में स्लम पुनर्वास और कमजोर आय वर्ग के लिए हजारों आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य निकायों के मकान उनके क्षेत्र में अलग-अलग हिस्सों में बनाए जाएंगे।

## रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी, रिसाली में नए मकान


फाइल फोटो

### केंद्र-राज्य के अनुदान के बाद हितग्राही देंगे 1.45 लाख

प्रत्येक आवास की कुल लागत लगभग 5.75 लाख रुपये आंकी गई है। इसमें केंद्र सरकार का अंशदान 1.50 लाख रुपये, राज्य सरकार का 2.80 लाख रुपये और हितग्राही का अंशदान 1.45 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। शर्त है कि स्वीकृत परियोजनाओं को स्वीकृति की तिथि से अधिकतम 36 माह के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा । निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करने से पहले कम से कम 50 प्रतिशत लाभार्थियों का चयन कर उनका विवरण भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज करना आवश्यक है। आवासों के आवंटन में पारदर्शिता बरती जाएगी और दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल या निचले तलों पर आवास आवंटित किए जाएंगे । इस परियोजना के लिए नगर निगम को रेरा के तहत पंजीकरण कराना और अन्य सभी वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### शदाणी दरबार में महानगर संत समिति की हुई बैठक कई मुद्दों पर की चर्चा



रायपुर। रायपुर राजधानी स्थित शदाणी दरबार में रविवार को रायपुर महानगर संत समिति की बैठक हुई। यह बैठक संत डॉक्टर युधिष्ठिर लाल के नेतृत्व में की गई। बैठक में राजिम कल्प कुंभ की अवस्था, आर्य समाज के बारे में, लव जिहाद धर्मांतरण, गौ हत्या बंद हो इन सभी बातों पर चर्चा की गई। साथ ही रायपुर के संतों को मान-सम्मान के साथ निमंत्रण ना देना जिसकी घोर निंदा भी की गई। बैठक में विलेन की नारायण मंदिर के महंत देवदास, लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत वेद प्रकाश, सुरेश्वर महादेव पीठ के संस्थापक एवं संत महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ स्वामी राजेश्वरानंद, आजीवन निराहार संत गौतम आनंद, महाराज साध्वी सौम्या, सत्यनारायण, भागवत आचार्य, योगी संप्रदाय से भारत योगी, सहायक के रूप में श्री भूषण उपस्थित थे।

### एम्स करेगा दिव्यांग बच्चों के दांतों का इलाज, दो से शुरुआत



रायपुर। दांतों की बीमारी से पीड़ित दिव्यांग बच्चों का का एम्स जरूरी उपचार करेगा। इस सुविधा की शुरुआत शुक्रवार को दो दृष्टिबधित बच्चों की दांतों की सफाई और मौखिक स्वास्थ्य के साथ हुई। यह कार्यक्रम बाल एवं निवारक दंत चिकित्सा विभाग द्वारा रायपुर जिले में किए गए विस्तृत महामारी विज्ञान अध्ययन के आधार पर विकसित किया गया है। डब्लूएचओ के अनुसार विश्वभर में लगभग 1.3 अरब लोग दिव्यांगता के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। केवल छत्तीसगढ़ में ही लगभग 6.25 लाख दिव्यांगजन निवास करते हैं जिन्हें इस संबंध में आवश्यकता की जरूरत है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच एम्स ने जिले के 15 शासकीय मान्यता प्राप्त संस्थानों और डे-केयर केंद्रों में अध्ययनरत 3 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 684 बच्चों एवं किशोरों का आकलन किया।

### निजी नर्सिंग कालेजों की छात्राओं के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा

रायपुर। राज्य के प्रायवेट नर्सिंग कालेजों में पढ़ने वाली छात्राओं के भविष्य पर खतरा मंडर रहा है। ऐसी छात्राओं को दूसरे राज्यों में नौकरी नहीं मिल पा रही जिन्हों आईएनसी की उपयुक्तता प्रमाण पत्र नहीं लेने वाले कालेजों में पढ़ाई की है। राज्य में बीएससी नर्सिंग की 78 सौ के करीब सीटे हैं जिसमें 45 सौ के आसपास को मान्यता है। राज्य में करीब 4 दर्जन निजी कालेज ऐसे हैं जिन्हें इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने मान्यता नहीं दी है। जानकारों का कहना है कि ऐसे कालेजों को नोटिस जारी किया गया है मगर इस पर गंभीरता नहीं दिखाई है।

### पिता छांव वट वृक्ष की के तीसरे संस्करण का विमोचन



रायपुर। विश्व पुस्तक दिवस के अवस पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में गत दिनों कवि राजेश जैन राही की काव्य कृति 'पिता छांव वट वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया गया। यह विमोचन मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, मुख्य वक्ता डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव, प्रखर पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी, रंगकर्मी आचार्य रंजन मोडक पारस जैन, प्रिया जैन, अनीता जैन ने किया।

## औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में बड़ा बदलाव

# अब सर्विस सेक्टर को भी मिलेगी औद्योगिक जमीन, हजार मीटर से 25 हेक्टेयर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सर्विस सेक्टर से संबंधित इकाइयों को भी राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में जमीन मिल सकेगी। सबसे छोटे यानी सूक्ष्म उद्योगों को एक हजार मीटर और वृहद उद्योगों के लिए 25 हेक्टेयर तक जमीन देने का रास्ता सरकार ने खोल दिया है। यह व्यवस्था लागू करने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में व्यापक संशोधन किया है।

संशोधित नियमों के तहत सेवा क्षेत्र की वैसी इकाइयां, जिनकी स्थापना भूमि उपयोग नियमों के अनुरूप स्वीकृत है, अब औद्योगिक क्षेत्रों में स्थान पा सकेंगी। इसके लिए प्रीमियम की दरें लघु विनिर्माण उद्योग के लिए निर्धारित दरों की न्यूनतम चार गुना या नीलामी दर (जो भी अधिक हो) के आधार पर तय की गई हैं।

### एप्रोच रोड की समस्या का समाधान

उद्योगों के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने एक महत्वपूर्ण प्रावधान जोड़ा है। यदि आवंटित भू-खण्ड या निजी औद्योगिक भूमि का सार्वजनिक मार्ग से सीधा संपर्क नहीं है, तो आवंटन प्राधिकारी एप्रोच रोड के लिए आवश्यक न्यूनतम भूमि को पृथक पट्टे पर आवंटित कर सकेंगे।

## पीपीपी परियोजनाओं के लिए सीएसआईडी से विशेष अधिकार


फाइल फोटो

### किन इकाइयों को कितनी जमीन

संशोधन में उद्यमों की श्रेणी के आधार पर अधिकतम भूमि आवंटन की सीमा भी स्पष्ट की गई है। सूक्ष्म उद्यमः 1,000 वर्गमीटर तक । लघु उद्यमः अधिकतम 1 हेक्टेयर तक। मध्यम उद्यम- अधिकतम 5 हेक्टेयर तक । वृहद उद्यम- अधिकतम 25 हेक्टेयर तक । 100 करोड़ से अधिक निवेश वाले उद्यम- 25 हेक्टेयर से अधिक भूमि की पात्रता रख सकेंगे। नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित अवधि में भूमि का पूर्ण उपयोग नहीं होता है, तो 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रीमियम देकर 6 माह का समय लिया जा सकता है, अन्यथा अतिशेष भूमि का समर्पण करना होगा।

### हस्तांतरण और संगठन परिवर्तन पर राहत

व्यापारियों को राहत देते हुए संगठन के स्वरूप में परिवर्तन (जैसे एकल स्वामित्व से कंपनी बनाना) को अब 'हस्तांतरण' की श्रेणी में नहीं माना जाएगा, बशर्ते मूल आवंटियों का हिस्सा 51 प्रतिशत या उससे अधिक बना रहे । इसके अलावा, बीमार या बंद इकाइयों के लिए सरफेसी एक्ट या एनसीएलटी के माध्यम से होने वाली नीलामी में नवीन आवंटियों को केवल 10 प्रतिशत हस्तांतरण शुल्क देना होगा।

### पीपीपी परियोजनाओं के लिए नए अधिकार

राज्य सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के संचालक मंडल को विशेष अधिकार दिए हैं। अब सीएसआईडीसी राज्य शासन के पूर्वानुमोदन से ऐसी परियोजनाओं के प्रबंधन और संचालन हेतु पृथक नियम और मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित कर सकेगा।

### इन इकाइयों के लिए खुला जमीन का रास्ता

*छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में 'सेवा क्षेत्र' को विशेष प्राथमिकता दी गई है। ताजा संशोधनों के बाद, अब इन क्षेत्रों से जुड़ी इकाइयों को औद्योगिक पार्कों में भूमि आवंटन और अन्य रियायतों का लाभ मिल सकेगा। सर्विस सेक्टर में आने वाली इकाईयां इस प्रकार हैं। आईटी और सूचना प्रौद्योगिकी,सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और आईटी परामर्श सेवाएं।बीपीओ , केपीओ और डेटा सेंटर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स आधारित सेवाएं। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस,. पर्यटन और आतिथ्य होटल, रिसॉर्ट और कन्वेंशन सेंटर। एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक विरासत केंद्र। मनोरंजन पार्क और इको-टूरिज्म परियोजनाएं। अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर और विशेष चिकित्सा केंद्र। स्किल डेवलपमेंट सेंटर (कौशल विकास केंद्र) और तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान। तकनीकी और अनुसंधान सेवाएं,इंजीनियरिंग सेवाएं- मशीनरी मरम्मत, रखरखाव और तकनीकी परामर्श। डिजिटल पेमेंट सेवाएं- वित्तीय तकनीक से जुड़े केंद्र। कृषि उपकरणों का किराया और मृदा परीक्षण केंद्र।*

# टिफिन मीटिंग में दिखी संगठन की आत्मीयता और एकजुटता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

'मन की बात' कार्यक्रम के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा आयोजित टिफिन मीटिंग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने साथ लाए टिफिन से भजिया और पताल की चटनी कार्यकर्ताओं को स्वयं परोसा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन किया। आयोजन में संगठन की आत्मीयता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों से टिफिन लाकर एक-दूसरे के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि परिवार के सदस्यों की तरह एक साथ बैठकर भोजन करने से आत्मीयता बढ़ती है और आपसी संवाद मजबूत होता है।

कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों से टिफिन लाकर एक-दूसरे के साथ भोजन साझा किया। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप फरा, विधायक पुरंदर मिश्रा धुसका-बड़ा, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ठेठरी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज चौसेला और मोना सेन खुरमी जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन लेकर टिफिन मीटिंग में पहुंचे। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी विविध स्थानीय व्यंजनों से आयोजन को और समृद्ध बनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अपने हाथों से भोजन कराकर आपसी स्नेह और एकता का परिचय दिया।

### टिफिन बैठक बूथ स्तर से शुरू

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशकों पूर्व 'टिफिन बैठक' की परंपरा प्रारंभ की थी, जिसका उद्देश्य संगठन में आत्मीयता और सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना था। यह परंपरा आज भी भाजपा के संगठनात्मक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। छत्तीसगढ़ में इस पहल की शुरुआत बूथ स्तर से की जा रही है, जिससे संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# महिला सशक्तिकरण पर विशेष सामान्य सभा, नेता प्रतिपक्ष ने 6 विषय सुझाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला सशक्तिकरण को लेकर रायपुर नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 27 अप्रैल को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। सभापति सूर्यकांत



राठौर ने महिला अल्पकालीन सशक्तिकरण के जन जागरूकता अभियान के आयोजन और समन्वय पर चर्चा के लिए विशेष सामान्य सभा बुलाई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष सामान्य सभा बुलाकर चर्चा कराने के प्रस्तव का स्वागत किया है, पर इसके साथ ही जन हित से जुड़े 6 अहम विषयों पर विशेष सामान्य में चर्चा कराने की मांग निगम सभापति सूर्यकांत राठौर से की है।

### इन विषयों पर विशेष सामान्य सभा बुलाने की बताई जरूरत

- शहर के तात्यापारा शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा
- शहर में व्याप्त जल संकट संबंधी अहम विषय
- बारिश में जलभराव और ड्रेनेज सिस्टम के लिए स्वीकृत हुए 220 करोड़ की राशि नहीं मिल पाने का मुद्दा
- पेंशन के लिए 6 माह से भटक रहे बुजुर्गो की समस्या, विधवा पेंशन की समस्या
- महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं की समस्या
- महिलाओं के नाम से संपत्ति कर में छूट की घोषणा का मुद्दा

### प्रोजेक्ट दधीचि, अब तक 91 ने लिया संकल्प

रायपुर। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए सहायक सांख्यिकी अधिकारी राम नारायण वर्मा ने अंगदान का संकल्प लिया। वर्मा ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 91 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है, जिससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। किडनी सहित अन्य अंगों के जरूरतमंदों की संख्या काफी अधिक है।

## अब पूर्व की तरह 60-40 के अनुपात में किसानों को मिलेगा ऋण और खाद

# खरीफ के लिए सहकारी सोसाइटियों में खाद का भंडारण, अभी भी किसानों के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ सीजन के लिए खेती किसानी की तैयारी में लगे किसानों को ऋण लेने के साथ ही खाद का वितरण कर दिया जाता है। अप्रैल से सहकारी समितियों में किसान ऋण के लिए पहुंचने लगे हैं। किसानों को अब ऋण का 60 प्रतिशत नकद और 40 प्रतिशत वस्तु (खाद-बीज) के रूप में देने का फरमान जारी किया गया है। पहले यह अनुपात 70-30 प्रतिशत का था। अब नकद का लिमिट घटा दिया गया है। वहीं खाद के संबंध में यह कहा जा रहा है कि एक साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है, जो एग्रीस्टैक से जुड़ा होगा। किसानों के पंजीकृत रकबे के अनुसार टोकन की तरह खाद की मात्रा तय की जाएगी। उसी के अनुरूप किसानों को खाद का वितरण होगा।

बताया गया है कि सहकारी सोसाइटियों में खाद का भंडारण किए जाने के बाद किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। विभाग के अनुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को उनकी खेती के रकबे के आधार पर ही उर्वरक की बिक्री हो, इसके लिए नई ऑनलाइन व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। नई प्रणाली में एकीकृत किसान पोर्टल, राजस्व विभाग का भुइंया और एग्रीस्टैक पोर्टल को इंटीग्रेट किया जाएगा। केंद्र सरकार ने एनपीके की कीमत 180 रुपए प्रति बोरी और पोटास की कीमतों में 300 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि की है। सहकारी समितियों में खाद की कमी, मूल्य वृद्धि और वितरण के तरीके में बदलाव से परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।


फाइल फोटो

### अनियमित वितरण रोकने किए जा रहे उपाय

मार्कफेड के अधिकारियों के अनुसार 2026-27 के खरीफ सीजन से सहकारी समितियों में खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने शासन ने फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी होगी, उन्हें ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगी। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचाना है, ताकि अनियमित वितरण और कालाबाजारी को रोका जा सके।

### सहकारी समितियों में 4.83 लाख टन भंडारण

चालू खरीफ में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के राज्य, केंद्र सरकार से समन्वय कर रही है। इस वर्ष खरीफ के लिए 15.55 लाख टन उर्वरक मांग का आंकलन किया गया है तथा अब तक 8.72 लाख टन लगभग 56 प्रतिशत का भंडारण करा लिया गया है। सहकारी समितियों से ऋण लेकर खेती करने वाले किसानों को प्राथमिकता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी क्षेत्र में 4.83 लाख टन का भंडारण कर लिया गया है।

### खाद की उपलब्धता कम

सरकार के अनुसार आगामी खरीफ सीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार की तैयारी आधी भी नहीं है। कम खाद की उपलब्धता पर सहकारी समिति को प्राथमिकता देना चाहिए। पिछले खरीफ सीजन में सहकारी सोसाइटियों को कम खाद दिया और निजी दुकानदारों को अधिक जिसके चलते जमकर ओवर रेट और कालाबाजारी हुई।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी, डिवाइडर पर रोगन दीवारों पर स्वच्छता के संदेश, तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के सफाई व्यवस्था जांचने दिल्ली से केंद्रीय टीम मई के अंतिम सप्ताह में शहर आ सकती है। यही नहीं, आम जनता से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पब्लिक फीडबैक स्वच्छता की देशव्यापी रैंकिंग में अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए दर्जनभर प्रश्न भी तैयार हैं। नगर निगम प्रशासन ने जोन स्तर पर केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक स्वच्छता के संदेश पहुंचाने स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों को माध्यम बनाया है। डिवाइडरों रंग रोगन और दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित स्लोगन के साथ प्रेरक चित्रकारी भी की जा रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में रायपुर शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिलाने वार्ड और जोन स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग ने जनगणना प्रशिक्षण ले रहे प्रगणकों को चार डिब्बा सफाई प्रणाली को लेकर जागरूक बनाया। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन 2 कमिश्नर संतोष पांडे के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे की उपस्थिति में जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया ने

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में 1 अप्रैल से प्रभावशील चार डिब्बा सफाई प्रणाली की जानकारी दी।

### रोहणीपुरम तालाब की सफाई, कचरा उठाया

नगर निगम जोन 5 के सफाई मित्रों ने रोहणीपुरम तालाब की ग्रीन आर्मी आफ रायपुर के स्वयंसेवकों के साथ सफाई की। तालाब से निकले कचरे को उठाकर सुरक्षित जगह पहुंचाया। जोन कमिश्नर



खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहणीपुरम तालाब की सफाई श्रमदान कर की गई। इसी तरह जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के अपना गार्डन अमलीडीह की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। वार्ड पार्षद विनय पंकज निर्मलकर और जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा की उपस्थिति में स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। मोहबा बाजार स्थित जोन 8 में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2026 के तहत स्वच्छता दीदियों ने झगरहीन तालाब के सामने भजन कीर्तन कर जीवन में स्वच्छता का महत्व बताते हुए संदेश दिया। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा के निर्देश पर नागरिकों से कूड़ा इधर-उधर न फेंककर सफाई वाहन में देने की अपील की गई।

# बैज ने कहा- उर्वरकों की उपलब्धता पर सरकार चुप्पी तोड़े

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, उर्वरको की उपलब्धता पर सरकार अपनी चुप्पी तोड़े। जानकारी आ रही है कि खरीफ सीजन के पहले उर्वरकों की कमी होने वाली है, लेकिन सरकार इस विषय पर कोई भी ठोस बात किसानों के सामने नहीं रख रही है, इसमें किसान परेशान हैं। पिछले वर्ष उर्वरकों की कमी को झेल चुके किसान सरकार के मौन के कारण विचलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश में कुल 2058 सहकारी समितियां



है, जिनकी भंडारण क्षमता 4,84,665 मीट्रिक टन है। वहीं खरीफ सीजन के लिये कुल लक्ष्य 10,00,240 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। इसके मुकाबले अब तक केवल 3,59,627 मीट्रिक टन उर्वरक का ही भंडारण हो सका है, जो लक्ष्य का मात्र 35.95 प्रतिशत है। यह स्थिति बताती है कि यदि आपूर्ति की गति नहीं बढ़ी तो खरीफ सीजन में संकट गहरा सकता है।

उन्होंने कहा, प्रदेश में डीएपी का भंडारण लक्ष्य 2,25,650 मीट्रिक टन तय किया गया है। जबकि अब तक सिर्फ 48,045 मीट्रिक टन ही भंडारित हो पाया है। यह लक्ष्य का मात्र 21.29 प्रतिशत है। कई जिलों में एक अप्रैल से अब तक भंडारण शुरू ही नहीं हो पाया है। इनमें बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कई जिले इस मामले में सबसे पीछे है।

# मुख्यमंत्री साय से केटीयू के कुलपति प्रो. दयाल ने की मुलाकात

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने शनिवार को सौजन्य मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारिता विश्वविद्यालय की उन्नति और प्रगति पर प्रसन्नता जताई और कुलपति प्रो. दयाल को शुभकामना दी। विश्वविद्यालय के संख्यात्मक व गुणात्मक विकास पर वृहद व व्यापक चर्चा हुई। कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने प्रशासनिक एवं अकादमिक कार्यों की नियमित समीक्षा प्रारंभ की है।

शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी शोधकर्ताओं को समय सीमा में शोध कार्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत 22 वर्षों में देश-प्रदेश के मीडिया संस्थानों और विविध क्षेत्रों में यहां से दीक्षित-प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता और प्रतिभा के बलबूते पर अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।

अध्ययन शाला और संबंद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कोर्स में छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क में बेहतरीन शिक्षा मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### डुगेश बने आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

**भैंसा।** संगठन विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आरंग ब्लॉक के भैंसा सेक्टर में नई नियुक्तियां की गई हैं। ग्राम पंचायत भैंसा के पूर्व सरपंच डुगेश साहू को आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष



पद की जिम्मेदारी मिलने पर डुगेश साहू ने शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा मुझ पर विश्वास जताते हुए आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुझे इस पद के योग्य समझा, इसके लिए मैं पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। डुगेश साहू ने अपनी नियुक्ति को संगठन की मजबूती से जोड़ते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू और क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जनों का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि वे कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। डुगेश साहू को यह नई जिम्मेदारी मिलने पर भैंसा सेक्टर और ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जगन्नाथ भगवान की जल यात्रा 3 मई को

**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ का भव्य जल विहार, जिसे अक्सर 'चंदन यात्रा' या स्नान पूर्णिमा के बाद की लीलाओं के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में 3 मई को कुशालपुर स्थित खो-खो तालाब में महाप्रभु जगन्नाथ जी का शाम 5 बजे से 6 बजे तक नौका विहार करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे महाआरती होगी। यह जानकारी छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान कराया जाता है और फिर वे सरोवर में नौका विहार करते हैं।

### जितेंद्र अध्यक्ष, निरंजन बने प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ का चुनाव रविवार को शहीद स्मारक स्थित महासंघ के कार्यालय में हुआ। चुनाव अधिकारी डा. नरसिंह यादव ने पदाधिकारी के नाम की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर यादव, उपाध्यक्ष शोभा यादव, राजेश यादव, शशिकांत यादव और महासचिव निरंजन सिंह यादव को बनाया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उप महासचिव रविंद्र सिंह यादव, सहायक महासचिव अरुण श्रीकांत यादव, कोषाध्यक्ष रामलाल यादव, संगठन सचिव सोमेंद्र यादव, प्रमुख सचिव सुजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, उपेंद्र सिंह यादव, राहुल यादव, सांस्कृतिक सचिव बेबी यादव, प्रमुख सलाहकार सत्येंद्र यादव, जनसंपर्क अधिकारी अशोक यादव एवं मीडिया प्रभारी राकेश यदु चुने गए। नवनिर्वाचित महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अतिशीघ्र किया जाएगा।

# शिक्षकों ने सीखे तनाव मुक्ति और सकारात्मक जीवन के गुर

## अंबुजा विद्या पीठ रवान में 'मेंटल वेलनेस' विषय पर दो दिवसीय वृहद कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अंबुजा विद्या पीठ रवान में 'मेंटल वेलनेस' विषय पर दो दिवसीय वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शिक्षा में मानसिक संतुलन और सकारात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है और उसका मानसिक रूप से सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। सकारात्मक और तनावमुक्त शिक्षक ही विद्यार्थियों में श्रेष्ठ संस्कार और ज्ञान का संचार कर सकता है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. अतुल निश्चल अध्यक्ष, ईडीएक्सएसओ एवं संस्थापक, आईसीएसएल ने सरल एवं प्रभावी तरीके से मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। उन्होंने 'कॉग्निटिव वेलनेस' और भावनात्मक संतुलन पर जोर देते हुए बताया कि सकारात्मक सोच और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों के माध्यम से तनाव को कम किया जा सकता है।

### तनाव कम करने में मिलेगी मदद

समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे कार्यक्षमता बढ़ाने और मानसिक तनाव कम करने में सहायता मिलेगी। अंत में प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।



### सकारात्मक जीवन के सिद्धांतों पर जोर

कार्यशाला की विशेषता इसकी व्यापक भागीदारी रही। सरगुजा, जामुल एवं रवान स्थित अदाणी समूह के विद्यालयों के शिक्षकों ने इसमें सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान समूह चर्चा, योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए गए, जो चार प्रमुख सिद्धांतों सकारात्मक सोचें, सकारात्मक बनें, सकारात्मक रहें और सकारात्मक जिएं पर आधारित थे।

## बैठक : एम-एसटीआरआईपीईएस एवं पीओआर ऐप प्रशिक्षण कार्यशाला

# वन अपराधों पर लगाम कसने वनकर्मियों को मिला एक दिवसीय हाईटेक ऐप प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन क्षेत्रों की सतत निगरानी एवं वन अपराध नियंत्रण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वनमंडल कार्यालय बलौदाबाजार में एम-एसटीआरआईपीईएस पेट्रोल ऐप एवं पीओआर (प्रारंभिक अपराध प्रतिवेदन) ऐप विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशन में 27 अप्रैल को आयोजित की गई।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्रों की निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा वन अपराध प्रकरणों की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एम-एसटीआरआईपीईएस पेट्रोल ऐप के माध्यम से गश्त, निगरानी और आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पीओआर ऐप के माध्यम से वन अपराधों की ऑनलाइन प्रविष्टि, दस्तावेजीकरण एवं निगरानी से जुड़े तकनीकी पहलुओं का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

कार्यशाला में वनमंडल के प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, बीट वन अधिकारी, आंकड़ा प्रविष्टि संचालक, परिक्षेत्र लिपिक सहित अन्य अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वन क्षेत्रों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकती है तथा ऐप के उपयोग से वन अपराध प्रकरणों की मॉनिटरिंग अधिक सुदृढ़ और सुगम होगी।



### प्रतिदिन 10 किलोमीटर गश्त के निर्देश

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड स्तर पर निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी वन रक्षकों एवं वनकर्मियों को प्रतिदिन न्यूनतम 10 किलोमीटर गश्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि वन क्षेत्रों में सतत उपस्थिति बनी रहे और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।



### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण अधीक्षक, बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार एवं उपवनमंडलाधिकारी पिथोरा (महासमुंद वनमंडल) सुश्री डिम्पी बैस द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने ऐप आधारित कार्यप्रणाली को सरल ढंग से समझाते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया।

# भरत देवांगन स्कूल के छात्रों ने रोबोटिक्स में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रोबोटिक्स शिविर में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर का संचालन सीएसवीटीयू, भिलाई के कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक नचिकेत तपस द्वारा किया गया।

शिविर के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को रोबोटिक्स की आधारभूत जानकारी दी गई। उन्हें रोबोट के कार्य सिद्धांतों से अवगत कराते हुए सरल रोबोट के संचालन का प्रदर्शन कराया गया। साथ ही 3D प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से रोबोट के पुर्जों के निर्माण की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का परिचय मिला।

द्वितीय दिवस प्रशिक्षण पूर्णतः व्यावहारिक रहा, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न सेंसरों एवं रोबोट के घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्वयं रोबोट के पूर्जों को जोड़ना, प्रोग्रामिंग करना तथा उसे संचालित करना सीखा। इस दौरान विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

तृतीय एवं अंतिम दिवस विद्यार्थियों ने ऑब्स्टेकल सेंसर बॉट का सफल सिमुलेशन किया। इसके पश्चात आयोजित लाइन फॉलोअर बॉट समस्या समाधान प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक रोबोटिक बॉट प्रदान किया गया।शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, विज्ञान व्याख्याता रीतारानी वर्मा एवं भौतिकी व्याख्याता पारुल पांडेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग की प्रस्तुति, पुष्पवर्षा कर गाए मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पचरी के बजरंग चौक पचरी में समस्त देवांगन परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस कथावाचक भागवत भूषण पं. सुरेश कुमार शर्मा ने द्वारिका प्रवेश, जरासंघ वध, कंस वध और रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। कथाकार ने कहा कि, हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान भजन गीतों के सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के पैर धोकर पूजा-अर्चना की और मंगला आरती गाकर विवाह कराया। वहीं भगवान को उपहार भी भेंट किए।

■ कृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग से गूंजा कथा पंडाल

इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल धर्ममय हो गया। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठा। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण कथा पंडाल पहुंच धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। 21 से 29 अप्रैल तक आयोजित हो रही भागवत कथा में गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे हैं। कथा का समय दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक है। इस भागवत कथा के आयोजनकर्ता रामावतार देवांगन, हिरौदी देवांगन, सोहन देवांगन, खुशी देवांगन, कमलेश देवांगन, अनीता देवांगन, ताराचंद, स्वाति देवांगन परिवार है।



### विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए

इस दौरान श्रीकृष्ण-रूक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए। इस मौके पर कृष्ण-रूक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तो वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए। कथा के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे। इस दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते रहे।

### श्रद्धालु हुए भावविभोर

कथा के दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई थी। जो सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कृष्ण-रूक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने कृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि, श्रीकृष्ण के साथ हमेशा देवी राधा का नाम आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि राधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं, लेकिन देवी राधा के साथ श्रीकृष्ण का लौकिक विवाह नहीं हो पाया। देवी राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रूक्मिणी हुईं। रूक्मिणी और कृष्ण के बीच प्रेम कैसे हुआ इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रूक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रूक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रूक्मिणी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन उन्होंने सभी को मना कर दिया। उनके विवाह को लेकर माता-पिता और भाई चिंतित थे। बाद में रूक्मिणी का श्री कृष्ण से विवाह हुआ।

# लवन में निकली गौ सम्मान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक गौ सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा साप्ताहिक बाजार हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय तक पहुंची।इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और गौसेवक शामिल हुए। इस दौरान गौ माता के जयकारों से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा।

यात्रा समाप्त होने के बाद, एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार पेखन टोनडारे को गौ सुरक्षा और सम्मान से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। करीब 4 हजार हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में केंद्र और राज्य सरकारों से गौ माता की रक्षा, संरक्षण और उनके प्रति सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। गौ सेवा संघ के बलौदाबाजार ब्लॉक आध्यक्ष केशव मिश्रा ने बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान का उद्देश्य समाज में गौ माता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने हेतु सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

■ हजारों लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

अपील की गई कि सनातन संस्कृति में गौ माता का स्थान सर्वोपरि है और उनका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गौ माता के प्रति किसी भी प्रकार का अपमान समाज में स्वीकार्य नहीं होगा और इसके लिए जन जागरूकता आवश्यक है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने गौ रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और गौ सुरक्षा को लेकर ठोस पहल होगी। इस गौ सम्मान आह्वान अभियान में मुख्य रूप से केशव मिश्रा, राजेंद्र दुबे, विजय साहू, धीरज मिश्रा, गायेश्वर साहू, पंडित तलाश पाण्डेय शास्त्री , प्रेम नारयण साहू, करुणा शंकर मिश्रा, हरीश जायसवाल, शुभम द्विवेदी, राहुल यादव, कृष्ण कुमार वर्मा, अनुपम बाजपेई मंडल अध्यक्ष, सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष, मोहन साहू , परमेश्वर यादव,मोहन यादव, सोनू अवस्थी, शैलेस साहू, पंकज मिश्रा, बहुरन साहू, युवराज बंजारे, मनहरण ध्रुव, नीरज यादव, सुखनंदन धीवर, तुलाराम, अभय तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में गौ सेवा भक्त शामिल हुए।

### गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पलारी। छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने बताया की गौ माता को राज्य माता घोषित करने की बार धरना प्रदर्शन किया गया है। गौ रक्षा को लेकर कड़ी कानून बनाए एवं गौ माता के हत्यारो पर फांसी की सजा जैसे कानून बनाए साथ ही जिस भी गाड़ी में गौ माता पाए जाते हैं उस गाड़ी की लाइसेंस रद्द कर दिया जाए।इस दौरान जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव,उपाध्यक्ष डॉ एवन टंडन, सनत देवांगन, आसु यादव, राजेन्द्र यादव, पंकज यादव, सुरज घृतलहरे, केशव, दिनेश, विक्रम, एनु यादव, उमेश लोमस, तरूण, निलेश मानिकपुरी जिला मिडिया प्रभारी उपस्थित थे।



## पेज 9 के शेष

### अनियमितता की भेंट...

की भी संकेतक हैं।नवीन भवनों की इतनी कम अवधि में खराब स्थिति को लेकर निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आमजन अब यह जानना चाहते हैं कि आखिर इन भवनों की गुणवत्ता जांच कब होगी और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाएगी।

### औरेठी में मिला...

परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर लगभग 100 किलो पनीर को नष्ट करवाया गया तथा सयुंक्त दल द्वारा फर्म को आगामी आदेश तक सील किया गया।उल्लेखनीय है कि जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जाएगा है। यह अभियान सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सघन जांच अभियान हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व तथा पुलिस क़ी संयुक्त टीम गठित किया है।

### रामसागर तालाब गहरीकरण...

के बाद नगरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त जल निस्तारी हेतु उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्य में नूवोको सीमेंट संयंत्र का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, जनप्रतिनिधिगण, माइनिंग अधिकारी अवधेश बारिक, भाजपा नेता पारस साहू, गगन वर्मा सहित स्थानीय नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए...

बताया कि शिकायत पर संबंधित अधिकारी जांच में आए, तो अवैध कब्जाधारियों ने तरह-तरह के हथकंडे अपनाए, जिनमें कई अधिकारियों को राजनीतिक दबाव से या पैसा का पावर से, गुमराह कर अब तक सही जांच नहीं करने दिया। इसके चलते शिकायत की जांच सही नहीं हो पाना बताए, जिसके चलते क्षुब्ध होकर अनशन पर बिना अन जल पिए, कलेक्टर ऑफिस बलौदा बाजार के सामने मजबूरन बैठने की बात कही। संबंधित अधिकारियों को अनशन की सूचना देने की तिथि पर भी अभी तक किसी भी प्रकार रुचि या पहल नजर नहीं की जा रही है। अब देखना यह होगा कि क्या 25 से 30 अप्रैल के बीच न्याय मिल पाएगा या अनशन पर बैठने वाले 74 वर्षीय रामजी पाठक का निर्णय अनशन का इंतजार कर रहे है। तहसीलदार अनुराग भट्ट ने कहा चार सदस्य टीम गठित कर जांच जारी है, जल्द ही निराकरण किया जाएगा।



## खबर संक्षेप





### देवरतिल्दा में राधाकृष्ण प्रतिमा की स्थापना

खरोरा। ग्राम देवरतिल्दा में कर्मा समिति द्वारा श्रीराधा कृष्ण की मूर्ति स्थापित की जा रही है। समिति द्वारा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में पिछले 20 सालों से इस मंदिर को तैयार कर आज पूर्ण किया है। राधाकृष्ण मूर्ति स्थापना के लिए शोभायात्रा और भंडारे के साथ भक्तिपूर्ण माहौल में ग्रामीण व श्रद्धालुगण बढ़-चढ़कर भाग लिए। मंत्रोच्चारण के साथ भगवान राधा-कृष्ण की पूजा की गई, जिसमें सभी ग्रामीण श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इसमें समिति के सदस्य चैनलाल धीवर, नीलकंठ धीवर, समल्ली धीवर, तोलेंद्र साहू, डोमार सिंह वर्मा, सीताराम यादव, संतोष धीवर,रिखी धीवर, नरोत्तम धीवर,मेंघु धीवर, विष्णु धीवर, अशोक धीवर व समिति के सभी लोग उपस्थित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति जन आक्रोश सम्मेलन



**भाटापारा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशन पर जिलाध्यक्ष सुनीता वर्मा के नेतृत्व में नारी शक्ति जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि नीलम सोनी विशेष आमंत्रित सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, सुलोचना, अदिति बघमार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस व विपक्षी दलों ने साबित कर दिया कि कांग्रेस महिला विरोधी है। भाजपा सरकार हमेशा से महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए हमेशा संकल्पित है। इस दौरान शीला वर्मा, खिलेश्वरी, नमिता जैन, संतोषी ढीमर, धनेश्वरी वर्मा आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गीता अग्रवाल और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री निर्मला रजक ने किया।

### निधन

**कमलाकांत पांडे**



मुंडा। स्थानीय निवासी और सेवानिवृत प्रधानपाठक कमलाकांत पांडे 85 वर्ष का निधन हो गया। वे अभिषेक पांडे, स्वेता शर्मा, मनीषा पांडे, शेफाली दुबे के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को नया तालाब में होगा ।

# भीषण गर्मी से दोपहर में सड़कें सुनी, राहगीरों का आवागमन सुबह-शाम तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी/रावण

क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, मानो पूरा इलाका ठहर सा गया हो।

तापमान में लगातार वृद्धि के कारण लोग अत्यधिक जरूरी काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। खासकर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बाजार और मुख्य मार्ग लगभग सूने दिखाई देते हैं। गर्मी का सबसे ज्यादा असर दिहाड़ी मजदूरों, विशेषकर राजगीरों पर देखा जा रहा है। निर्माण कार्य से जुड़े ये श्रमिक अब अपनी दिनचर्या में बदलाव करने को मजबूर हो गए हैं। राहगीर सुबह जल्दी काम शुरू कर लेते हैं और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए काम बंद कर देते हैं। इसके बाद वे शाम को तापमान कम होने पर ही दोबारा कार्यस्थल की ओर रुख करते हैं। इससे उनके काम के घंटे कम हो गए हैं, जिससे आय पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय बाजारों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। दुकानदार बताते हैं कि दोपहर के समय ग्राहक न के बराबर आते हैं, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। कई दुकानदार दोपहर में अपनी दुकानें बंद कर शाम को ही खोलना उचित समझ रहे हैं।सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आते हैं।



**बाहर निकलने में बरतें सावधानी**

राहगीर भी सिर पर गमछा या कपड़ा बांधकर, पानी की बोतल साथ लेकर ही निकल रहे हैं। जगह-जगह लोग छांव की तलाश में पेड़ों या दुकानों के सामने खड़े नजर आते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में लू लगने का खतरा काफी बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, हल्के और ढीले कपड़े पहनना तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में सौंपा गया पत्र

# भाटापारा में गौ सम्मान के लिए नगर में निकाली गई पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत भारतवर्ष के 5000 तहसीलों के साथ भाटापारा में सोमवार को भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र तहसील कार्यालय जा कर सौंपा गया।जिसमें लिखा गया है कि गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो, गौ रक्षा मंत्रालय का निर्माण हो, अखिल गोवंश की हत्या बंद हो की प्रमुख मांग रखी गई।

भाटापारा में सोमवार को भारत माता चौक से सुबह 10 बजे पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा को भव्य बनाने यात्रा की अगुवाई स्वयं गौ माता कर रही थी। छोटे छोटे बछड़े भी सज धज कर यात्रा के साक्षी बन रहे थे। वहीं कुछ गौ भक्तों ने पैदल यात्रा के आगे दंडवत यात्रा भी की। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष के साथ युवा वर्ग शामिल हुए।

भगवत संकीर्तन, भगवा झंडे और जयकारों के साथ यात्रा निकली। जिसका जगह-जगह सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जल पान की व्यवस्था कर स्वागत किया। यात्रा 12 बजे तहसील कार्यलय पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन महिला वर्ग, प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन पुरुष वर्ग एवं मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन युवा वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपा। इसके बाद सभी गौ भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मैटर की सब हेडिंग बनाएं

इस अवसर पर समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय (बंटी) ने कहा कि भारतीय सनातनी परंपरा संस्कृति में गौ माता का विशिष्ट स्थान है। 33 कोटि देवी देवताओं का वास गौ माता में होता है। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज ने 1966, 7 नवंबर को गौ हत्या बंद को लेकर संसद का घेराव किया था। आज 60 वर्षों बाद फिर गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए कोई अभियान खड़े हुआ है। यह अभियान सिर्फ ज्ञापन अभियान तक नहीं रुकेगा, आगे चरणबद्ध तरीके से इस पर कार्य किया जाएगा। सरकार जिस भाषा में समझेगी उसी भाषा में आंदोलन किया जाएगा। अभियान में प्रमुख रूप से रामरूप दास महाराज, राजेश अग्रवाल, राम रतन मूंदड़ा, अनिल चांडक, नरेश चौबे, मोहन केसरवानी, सतीश अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय (बंटी), ओमेश बेसेन, सतनारायण जोशी, हरगोपाल शर्मा, रमाकांत तिवारी, महेश उपाध्याय, संतोष पुरोहित,राकेश उपाध्याय,श्याम रतन मूंदड़ा, डॉ वासुदेव ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल



**चरणबद्ध तरीके से होगा आंदोलन**

इस अवसर पर समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय (बंटी) ने कहा कि भारतीय सनातनी परंपरा संस्कृति में गौ माता का विशिष्ट स्थान है। 33 कोटि देवी देवताओं का वास गौ माता में होता है। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज ने 1966, 7 नवंबर को गौ हत्या बंद को लेकर संसद का घेराव किया था। आज 60 वर्षों बाद फिर गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए कोई अभियान खड़े हुआ है। यह अभियान सिर्फ ज्ञापन अभियान तक नहीं रुकेगा, आगे चरणबद्ध तरीके से इस पर कार्य किया जाएगा। सरकार जिस भाषा में समझेगी उसी भाषा में आंदोलन किया जाएगा। अभियान में प्रमुख रूप से रामरूप दास महाराज, राजेश अग्रवाल, राम रतन मूंदड़ा, अनिल चांडक, नरेश चौबे, मोहन केसरवानी, सतीश अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय (बंटी), ओमेश बेसेन, सतनारायण जोशी, हरगोपाल शर्मा, रमाकांत तिवारी, महेश उपाध्याय, संतोष पुरोहित,राकेश उपाध्याय,श्याम रतन मूंदड़ा, डॉ वासुदेव ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**गौ प्रेमी बंधुओं ने सौंपा ज्ञापन**

सिमगा। सोमवार को नगर के गौ प्रेमी बंधुओं द्वारा गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत नंदी बाबा के अगुवाई में एसडीएम अतुल शेटे को अभियान का ज्ञापन एवं 5000 हस्ताक्षर जिलाधीश, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम से सौंपा गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में युवा-वृद्ध सर्व सामाजिक संगठन, गौ सेवा आयोग के सदस्यगणों का पूरा समर्थन मिला।



# सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षक महासंघ का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

देश का एक अनूठा महिला शिक्षकों का संगठन, सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ (पंजीकृत), नई दिल्ली, अब छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी भव्य उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता एस मुल्लूर अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि लक्ष्मी वर्मा राज्य सभा सांसद, अध्यक्षता मीनल चौबे महापौर रायपुर करेंगी। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, डॉ. लता एस मुल्लूर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. सारिका एस गंगा, राष्ट्रीय महासचिव, कल्पना बुतरेड्डी, अनसूया देवी पी एस, भाग्याम्मा, सिधोज कविता, राजश्री ए सज्जेश्वर, प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर, अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉ. मनीषा वत्स, विष्णुदत्त बघेल एवं रूचि वर्मा की सहभागिता होगी। कार्यक्रम का संयोजन लोकेश कुमार वर्मा द्वारा किया जा रहा है।



प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य इकाई के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। लोकेश कुमार वर्मा एवं भारती वर्मा द्वारा सावित्रीबाई फुले पर लिखित पुस्तक "प्रेरणा की ज्योति" का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ प्रदेश के सभी जिलों से आए सक्रिय एवं नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर पर महिला शिक्षकों की शक्ति, एकता और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाला एक भव्य मंच है, जिसमें पहली बार छत्तीसगढ़ के सभी शामिल हो रहे।

■ जुटेंगी देश-प्रदेश की महिला शक्ति

# शत-प्रतिशत हो करों की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शिवकुमार यादव नगरपालिका परिषद के सीएमओ का प्रभार लेने के बाद विभागावार समीक्षा की। उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि उनका प्रमुख फोकस सफाई एवं नगरपालिका के बकाया करों की वसूली पर रहेगा। यह सभी विभागों में करों की वसूली के लिए होगा, जिससे हम आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दे सके इसके लिए बकाया करों, टैक्स की वसूली पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। वहीं सीएमओ यादव ने कहा नगरपालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। अगर इसके बावजूद भी सड़क पर या नाली में कचरा डाला जाता है, तो उसे नोटिस दिया जायेगा और जुर्माना भी वसूला जायेगा। उन्होंने बताया की इस संबंध में सभी मुद्दों पर नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से चर्चा हुई है। वहीं वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है



और इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप भी है। भू जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। ऐसे में नगर वासियों को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए रोजाना समीक्षा की जा रही है। नगर के 31 वार्डों में पानी की आपूर्ति निरंतर हो, अगर कहीं कोई कमी न हो, अगर कहीं पानी की समस्या आ रही है, उसे दूर किया जा रहा है। वहीं भाटापारा नगरपालिका काफी बड़े क्षेत्र होने के कारण सफाई, पानी के साथ साथ प्रकाश व्यवस्था पर भी फोकस होगा।

# महिला आरक्षण विधेयक का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिलाओं को अधिक अधिकार और संसद में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाए गए 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक के विरोध को लेकर जैन समाज महिला मंडल की अध्यक्ष एवं मिनीमाता कन्या महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की सदस्य नविता जैन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध बताते हुए कहा कि इस तरह का विरोध न केवल निराशाजनक है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देता है।



■ इंडिया गठबंधन पर महिलाओं के विरोध की मानसिकता का आरोप

नविता जैन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। ऐसे में संसद में उनकी संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन द्वारा इस विधेयक का विरोध महिलाओं के प्रति नकारात्मक मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि यदि यह विधेयक पारित होता, तो अधिक संख्या में महिलाएं सदन तक पहुंच पातीं और समाज में व्याप्त असमानताओं एवं महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाकर उन्हें समाधान की दिशा में आगे बढ़ा सकती थीं। उन्होंने कहा, नारी शक्ति का सम्मान ही देश का अभिमान है। इस निर्णय से महिला समुदाय आहत है और स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आने वाले समय में इसका विरोध भी देखने को मिलेगा।

# अकाल पुरख की फौज की छत्तीसगढ़ टीम घोषित, अमरजीत सिंह दत्ता बने प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अकाल पुरख फौज की राष्ट्रीय कोर कमेटी ने छत्तीसगढ़ की संपूर्ण मनोनीत टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय कोर कमेटी में प्रमुख रूप से ज्ञानी केवल सिंह – साबका जत्थेदार, दमदमा साहिब, सरदार जसविंदर सिंह एडवोकेट – संस्थापक, अकाल पुरख की फौज, सरदार बलविंदर सिंह जोड़ा – सचिव, सिख विधायक बोर्ड तथा प्रमुख रूप से सरदार रणजीत सिंह – राज्य प्रमुख उड़ीसा, सरदार खुशकंवल सिंह – राज्य प्रमुख महाराष्ट्र, सरदार सुखदर्शन सिंह – वरिष्ठ पदाधिकारी बैतूल मध्यप्रदेश के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं संपूर्ण टीम की नियुक्ति संपन्न हुई। अमरजीत सिंह दत्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के अध्यक्ष मंडल के रूप में बलदेव सिंह भाटिया, गुरमुख सिंह होरा, जगजीत सिंह खनूजा, अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं प्रीतपाल सिंह होरा को दायित्व सौंपा गया।

■ प्रदेश सलाहकार के रूप मे अमरजीत सिंह सलूजा भाटापारा को मिला विशेष सम्मान



वहीं प्रदेश सलाहकार के रूप में अमरजीत सिंह सलूजा को नई जिम्मेदारी प्रदान की गई। यह भाटापारा के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। साथ ही भाटापारा जिला इकाई का भी गठन किया गया, जिसमें

जिला अध्यक्ष के रूप में सरदार बलवंत सिंह सलूजा, भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में रविंद्र सिंह चावला राजा चावला गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान मनमहेद्र सिंह चावला बबलू वीर जी को संरक्षक का महत्वपूर्ण प्रभार प्रदान किया गया। समाज एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह और गर्व का वातावरण है।

राजा गुंबर, सुशील सेठी, गुरमीत गुंबर, तंजीव अरोरा विजय आनंद, हरभगवान गुंबर, हरप्रीत सलूजा, बेअंत सिंह खालसा, मंजीत सिंह सप्पल, राजा चावला, पिंकू सलूजा, सतीश राजपाल, मोहन खालसा, गगनजीत आनंद, जॉन्टी गुंबर, मन्नी छाबड़ा, सहज गुंबर, मीत छाबड़ा, अमन चावला, गुरदयाल गुंबर, सरनजीत सिंह खालसा, कमल सेठी, सिरजन गुंबर, उमंग चावला, रोबिन चावला, सरबजीत राणा, सनप्रीत छाबड़ा, चिंटू छाबड़ा, सनी सलूजा, सन्नी मक्कड़, रूपेंद्र सिंह खालसा, रंजीत सिंह छाबड़ा एवं समाज के अन्य प्रमुख लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सिटी बस में खरोरा से बंगोली तक की नहीं दी जा रही टिकट, परंतु लिए जा रहे 20 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

सीटी बस क्रमॉक 2547 के कंडक्टर द्वारा खरोरा से बंगोली यात्रा करने पर टिकट नहीं लगती कहते हैं।

और किराये के नाम पर बीस रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि ने खरोरा से बंगोली यात्रा की तो कंडक्टर ने टिकट नहीं दिया और बीस रुपये ले लिए।

जबकि सीटी बस में खरोरा से बंगोली 10 किलोमीटर है तथा 15 रुपये किराया है। 27 अप्रैल सोमवार को समय 4.30 बजे खरोरा से रायपुर के लिये निकली सीटी बस क्रमॉक 2547 के कंडक्टर टिकट नहीं दिये।

कम से कम 15 लोकल यात्री खरोरा से बंगोली में उतरे, उन्हें किसी को टिकट नहीं दिया गया। टिकट मांगने पर चुपचाप बैठे रहो कहा गया तथा सवारी से विवाद करने लो, जबकि सीटी बस में खरोरा से बंगोली की सवारी संध्या समय दर्जनों में होती है। सीटी बस परिवहन प्रशासन सीटी बस में टिकट की जांच करें व बस के कंडक्टरों को सवारी के साथ विवाद न करे।



### भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**बलौदाबाजार।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026-27 में जिले के जिन अभ्यर्थि ने आवेदन किया है, वे 30 अप्रैल तक प्रशिक्षण हेतु जानकारी दे सकते हैं। विभाग के साइट में अपना नाम पूर्ण पता भरना है या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम पता एवं अग्निवीर पंजीयन क्रमांक दर्ज करा सकते हैं।







